## श्रीगंगानगर में छाया घना कोहरा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कोहरे का असर बुधवार को जिले के विभिन्न इलाकों में नजर आया। शहरी इलाके में कुछ मीटर दूर तक देख पाना भी मुश्किल था। खेतों में दूर तक बस कोहरा ही कोहरा था। खेतों की बाड़ में लगी तार पर भी ओंस की बूंदें टपकती नजर आई।

दैनिक कामकाम पर भी कोहरे का असर दिखाई दिया। सुबह 10 बजे तक तो शहर की सड़कों पर आवाजाही बेहद कम थी। जरूरी कामकाज से निकले लोगों का भी ठिठुरन से बुरा हाल था। न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कोचिंग स्टूडेंट, सब्जी, दूध बेचने वाले और किसानों पर सर्दी का सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया। इन लोगों ने सुबह करीब 6 बजे से ही दिनचर्या शुरू कर दी। कोहरे के बीच से ये लोग अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। सर्दी के चलते शहर की नई सब्जी मंडी में सुबह खरीदारी के लिए पहुंचने वाले फुटकर ग्राहकों की संख्या घटी है। पार्कों में मॉर्निंग वॉक करने वाले इक्का-दुक्का ही नजर आते हैं। वहीं सुबह 8 बजे तक चाय की थड़ियों पर लोगों के समूह जुटे रहते हैं।

सर्दी और कोहरे ने लोगों के दैनिक कामकाज पर असर डाला है। सामान्यतः सुबह 9 बजे तक खुल जाने वाले बाजार अब सुबह 11 बजे तक खुल रहे हैं। वहीं शाम को भी सात बजे तक अधिकांश बाजारों में सन्नाटा छा जाता है, वहीं बाजार में ग्राहकी पर भी सर्दी का असर नजर आता है। बुधवार को सुबह की रेल और बस सेवाओं पर भी सर्दी का असर दिखा। अल सुबह श्रीगंगानगर से रवाना हुई बसों में काफी कम सवारियां नजर आई। वहीं ट्रेनों में भी ऐसे ही हालात रहते हैं।

# कलेक्टर-एस.पी.ने संभावित दुर्घटना होने वाली जागहों को देखा

**बीकानेर,** (कासं)। जयपुर नेशनल हाईवे 11 पर हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। दुर्घटनाएं कैसे कम हो इसको लेकर जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने आज बीकानेर से श्रीडूंगरगढ़ तक हाईवे का निरीक्षण किया व दुर्घटना संभावित जगहों को देखा।

इस दौरान उनके साथ अन्य विभाग के अधिकारी थे जिनको संबंधित दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मीडिया से बातचित करते हुए बताया

- **अधिकारियों के साथ रोड़ सेफ्टी व सड़क दुर्घनाओं को रोकने को लेकर चर्चा की**



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि व एस.पी. कावेन्द्र सिंह सागर ने हाईवे का दौरा कर दुर्घटना के संभावित पाइंटों को देखा।**

कि निरीक्षण में हमने रोड़ सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारियों को भी साथ लेकर उनसे रोड़ सेफ्टी व सड़क दुर्घनाओं को रोकने को लेकर चर्चा की है तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्र है उनको चिन्हित किया जा रहा है व आमजन को भी जागरूक करेंगे।

बीकानेर एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि हम ये जानने की कोशिश कर रहे हैं कि जहां सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही है। उनके कारण क्या है। साथ ही प्रयास कर रहे हैं कि इनमें क्या सुधार किया जाये ताकि दुर्घटनाएं कम हो। साथ ही जो विभाग है उनको उनकी जिम्मेदारी सौंपेंगे ताकि हम सड़क दुर्घनाओं में कमी ला सकें। इस दौरान उन्होंने मौके पर वाहन प्रदूषण गाड़ी का निरीक्षण करके गाड़ियों मे प्रदूषण की जांच की प्रक्रिया को समझा। इस दौरान श्रीडूंगरगढ़ सीओ निकेत पारीक सेरूणा थाना अधिकारी पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

**हेलमेट और सीट बेल्ट के लिए करें पाबंद :** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बैल्ट का उपयोग करने के लिए निर्देश दिए।

इस संबंध में जारी आदेश में उन्होंने बताया कि राज्य में घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालकों में जान-माल की क्षति अधिक होती है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसके तहत 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। जिसकी थीम 'परवाह' है।इसके मद्दनेजर उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों से आग्रह किया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों को हेलमेट और सीट बैल्ट का उपयोग करने के लिए पाबंद करें। बिना हेलमेट वाहन चालकों को कार्यालय परिसर में प्रवेश नहीं करने दें। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने के लिए भी प्रेरित करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी के प्रयासों से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी के साथ जान-माल में कमी लाई जा सकेगी और 'सड़क सुरक्षा जन जाग्रति अभियान' का सफल बनाया जा सकेगा।

## रात 12 बजते ही गूंजा हैप्पी न्यू ईयर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। रात को ठीक 12 बजते ही लोग नए साल के जश्न में डूब गए। लोगों ने `एक दूसरे को नए साल की बधाई दी। आतिशबाजी के साथ लोग नए साल की खुशियां मनाते नजर आए।

इससे पहले शहर में शाम लोगों ने मस्ती में झूमते हुए नए साल का स्वागत किया। शहर के होटलों में शाम से ही लोग पहुंचने लगे। किसी ने होटलों में डिनर प्लान किए तो कोई मस्ती में झूमते-नाचते गाते नए साल का स्वागत करता नजर आया। शहर की सड़कों पर शाम से लोगों के समूह नजर आने लगे थे। देर रात तक शहर में ऐसी ही रौनक रही। शाम से शहर के गोल बाजार में होटलों में रौनक नजर आने लगी।

होटल संचालकों ने बताया कि देर रात तक लोग यहां पहुंचे। न्यू इ्यर से पहले की शाम के लिए लोगों ने एडवांस बुकिंग करवा ली थी। अधिकांश होटलों में रात तक यही हालात रहे। सेंट्रल मार्केट में दूर तक कारों और अन्य वाहनों का तांता लगा रहा। इस रोड पर लोग नए साल की स्वागत की तैयारी में निकले। यहां लोगों ने नए साल के स्वागत में फास्ट फूड शॉप्स में समय बिताया।

वहीं शहर के कई होटल और दुकान संचालकों ने नए साल की थीम पर ही सजावट की। जहां एक ओर होटल संचालकों ने पूरी तैयारी कर रखी थी। वहीं गुरूद्वारों और मंदिरों में भी आयोजन हुए। शहर के गुरूद्वारा बाबा दीपसिंह शहीद में नए साल के स्वागत में विशेष सजावट की गई। यहां रात बारह बजे तक धार्मिक आयोजनों के साथ नए साल का स्वागत किया जायेगा।

## सार-समाचार

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**शीतला गेट स्थित शांति विद्या निकेतन में विद्यार्थियों ने पौधों में पानी डालकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।**

**बीकानेर,** (कासं)। शीतला गेट स्थित शांति विद्या निकेतन एवं करूणा क्लब बीकानेर के सानिध्य में करूणा क्लब इकाई द्वारा धरणीधर ग्राउंड में वृक्षों की सेवा कर मनाया नव वर्ष का प्रथम दिवस मनाया। इस अवसर पर कब मास्टर रमेश कुमार मोदी ने करूणा क्लब इकाई के सदस्यों को पूरे वर्ष भर वृक्षारोपण एवं पेड़ पौधों की सेवा करने की सलाह दी। करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने करूणा क्लब टीम के सहयोग से समस्त पेड़ पौधों में पानी डलवाया और नियमित रूप से सेवा कार्य करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षाविद हनुमान छींपा ने बताया कि करूणा क्लब टीम द्वारा वर्ष भर में 100 से ज्यादा पेड़ पौधों को लगाने का विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ाने का संकल्प सभी उपस्थित सदस्यों को दिलाया। साथ ही गत वर्ष के करूणा क्लब के सदस्यों द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी देते हुए नव वर्ष में भी करूणा क्लब टीम द्वारा करते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का संयोजन करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने किया।

### बीकानेर रेल मंडल का निरीक्षण किया



**रेलवे सुरक्षा बल महानिदेशक मनोज यादव ने उत्कृष्ट सेवा करने वाले स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। महानिदेशक (रेलवे सुरक्षा बल) मनोज यादव द्वारा बुधवार को बीकानेर रेल मण्डल का दौरा किया गया। इस दौरान उनके द्वारा बीकानेर स्टेशन व बीकानेर आर.पी.एफ़. थाने का निरीक्षण किया गया उन्होंने स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। उसके बाद बीकानेर मण्डल के बल सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन में सभी उपस्थित स्टाफ को ड्यूटी संबंध में मार्गदर्शन किया। इसके साथ-साथ बल सदस्यों की समस्याओं को भी सुना। साथ ही उत्कृष्ट सेवा करने वाले स्टाफ रवि, भगवाना राम, नरेन्द्र हलोत, कृपाल, राजवीर को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मण्डल कार्यालय बीकानेर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रे. सु. ब. के महानिरीक्षक ज्योति कुमार सतीजा, मण्डल सुरक्षा आयुक्त संजय पिसे, सहायक सुरक्षा आयुक्त पी.आर.मीना, मण्डल निरीक्षक सुश्री नीलू गोठवाल, निरीक्षक बीकानेर सुभाष, निरीक्षक लालगढ़ उषा निरंकारी सहित अनेक अधिकारी व बल के सदस्य मौजूद थे।

### अभिषेक को बेस्ट फायरर अवार्ड

**नोखा,** (कासं)। आईटीबीपी भानू के सहायक सेनानी अभिषेक राठौड़ ने एनएसजी कमांडो कंवर्जन कोर्स में बेहतरीन प्रदर्शन कर कई खिताब अपने नाम किए हैं। राठौड़ नोखा निवासी है। राठौड़ ने इस पूरे कोर्स में बेस्ट फायरर के साथ ओवरऑल बेस्ट स्टूडेंट का भी खिताब अपने नाम किया है। पंचकूला में तैनात सहायक सेनानी अभिषेक राठौर ने नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) मानेसर गुरूग्राम में कमांडो कन्वर्जन कोर्स में हिस्सा लिया था। इस दौरान बेस्ट फायर और ओवर ऑल बेस्ट स्टूडेंट का स्थान हासिल किया है। इस कोर्स में सभी केंद्रीय शस्त्र पुलिस बल और भारतीय सेना के लगभग 300 कमांडो ने भाग लिया था। मानेसर में 30 सितम्बर से 28 दिसम्बर तक एनएसजी कमांडो कोर्स चलाया गया। आईटीबीपी भानू में तैनात इंस्पेक्टर पवन ने बताया कि अभिषेक राठौड़ साल 2017 में इन्होंने आईटीबीपी में सहायक सेनानी के पद पर ज्वाइन किया था। अधिकारी को साल 2022 और 2023 में बल का सर्वश्रेष्ठ पिस्टल फायरर चुना गया है। महानिरीक्षक आनंदपाल सिंह निंबाडिया ने एनएसजी में बेस्ट फायरर और ओवर ऑल बेस्ट कमांडो की उपलब्धि हासिल करने के बाद राठौड़ का स्वागत किया। इस दौरान ब्रिगेडियर गुरिंदर पाल सिंह गिल, उप महानिरीक्षक (प्रशासन) डॉ. टेकचंद उप महानिरीक्षक अन्य अधिकारी और संस्थान में उपस्थित सभी हिमवीर, हिमवीरांगनाओं ने स्वागत किया।

### नोखा पहुंचे मुनि कमल कुमार

**नोखा,** (कासं)। मुंबई से विहार कर नोखा पहुंचने पर मुनिश्री कमल कुमार, मुनि ननि कुमार, मुनि मुकेश कुमार का आज मरोठी निवास में अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व तेरापंथ भवन में साध्वी राजीमती का मुनियों से आध्यात्मिक व वात्सल्य पूर्ण मिलन आल्हादकारी प्रेरक रहा। साध्वीश्री ने मुनिश्री के श्रम, साधना, संयम, समर्पण को विशेष बताते हुए अहोभाव प्रकट किए। मुनिश्री ने योग साधिका राजीमती को विरल विभूति बताया और आचार्य महाश्रमण, साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभा का विशेष संदेश पढ़कर भेंट किया। मुनिश्री कमल कुमार ने कहा कि समय का सही नियोजन करें। भगवान का स्मरण करते रहें, उनको भूले नहीं। नैतिकता, प्रमाणिकता, संयम, साधना का जीवन ही प्रेरणादायी हो सकता है।

# पी.बी.एम. में सफाई ठेके का विवद सुलटा, वर्क आर्डर जारी

**बीकानेर,**(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल में सफाई के टेंडर को लेकर पांच माह से चल रहे विवाद का निपटारा हो गया है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के आयुक्त इकबाल खान ने मैसर्स गजेंद्र एंटरप्राइजेज को क्लीन चिट दे दी है। साथ ही पीबीएम अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि वे निविदा में नियमानुसार आगे की कार्रवाई संपादित करवाएं। अब मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में सफाई का ठेका एक रूपए में दिया गया है।

- **ठेकेदार को करीब 150 पाइंट पर सफाई के लिए मैन पावर उपलब्ध कराने का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। सफाई कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान कॉलेज से होगा**

ठेकेदार को करीब 150 पाइंट पर सफाई के लिए मैन पावर उपलब्ध कराने का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। सफाई कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान कॉलेज से होगा। मेटेरियल ठेकेदार का होगा। पीबीएम हॉस्पिटल में सफाई के पांच करोड़ के टेंडर को लेकर पांच महीने से विवाद चल रहा था। सफाई का टेंडर जुलाई में हुआ था। वर्तमान में काम कर रही फर्म मैसर्स मारूति एंटरप्राइजेज ने भी भाग लिया था। लेकिन उपापन समिति ने मैसर्स गजेंद्र एंटरप्राइजेज की निविदा मंजूर की।

मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने आरटीपीपी एक्ट 2012 व नियम 2013 के नियमों के विरूद्ध बताकर निविदा ही निरस्त कर दी। दरअसल विवाद निविदा की एक सामान्य शर्त को लेकर था, जिसमें समान दर आने पर उपापन समिति द्वारा गुणावगुण आधार पर निर्णय लेने की बात कही गई थी। उपापन समिति ने शर्तों के अनुरूप मानते हुए गजेन्द्र एंटरप्राइजेज की दर अनुमोदन कर दी गई और एग्रीमेंट भी हो गया। इसके खिलाफ मैसर्स मारूति एंटरप्राइजेज ने मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल के समक्ष प्रथम अपील दायर कर दी। प्रिंसिपल ने टेंडर प्रक्रिया पर ही रोक लगा दी। बाद में उसे निरस्त ही कर दिया। प्रिंसिपल के फैसले के खिलाफ गजेन्द्र एंटरप्राइजेज ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त के समक्ष सेकंड अपील दायर कर दी। दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर आयुक्त ने मैसर्स गजेंद्र एंटरप्राइजेज की अपील को स्वीकार करते हुए अधीक्षक को निर्देश दिया है कि वे निविदा में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करें।

## सावित्री बाई फुले की जयंती कल

**बीकानेर,**(कासं)। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 194 वीं जयंती के अवसर पर नत्थूसर बास में 3 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे राष्ट्रीय फुले सेना बीकानेर के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम के संयोजक नंदकिशोर गहलोत के अनुसार माता सावित्री बाई फुले की 194 जयंती के श्रद्धांजलि सभा के दौरान महिलाओं व बच्चों के लिए एक विशेष शिक्षाप्रद कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। जिसके अंतर्गत महिला शिक्षिकाओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों व महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का आव्होन करेंगे। जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं उनको स्कूल जाने और उनके अभिभावकों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जायेगा। जिसमें छोटे स्कूली बच्चों को निःशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया है।

# बेकाबू कार आइसक्रीम पार्लर में घुसी

**बीकानेर,** (कासं)। बुधवार सुबह 6 बजे एक बेकाबू कार आइसक्रीम पार्लर में घुस गई। गनीमत रही कि इस दौरान वहां कोई नहीं था। ऐसे में बड़ा हादसा होने से टल गया।

- **कार की स्पीड इतनी तेज थी कि शटर को तोड़ते हुए अंदर घुस गई**

कार की स्पीड इतनी तेज थी कि बाहर लगे लोहे के शटर को तोड़ते हुए अंदर पहुंच गई। जहां कांच का एक भारी भरकम गेट भी तोड़ दिया। तेज धमाका होने पर लोग बाहर आये तब तक कार चालक वहां से फरार हो गया। हालांकि पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नत्थूसर गेट पर स्थित जोशी आइसक्रीम पार्लर पर सुबह करीब छह बजे एक सफेद रंग की कार अंदर घुस गई। अनियंत्रित होकर ये कार अंदर आई। बताया जा रहा है कि कार के आगे एक ट्रैक्टर ट्रॉली आई थी। जिसके बाद कार बेकाबू होकर सीधे पार्लर के शटर से जा टकराई।

स्पीड तेज होने के कारण शटर भी टूट गया। गनीमत रही कि ये सुबह का समय था। दिन या शाम का समय होता तो पार्लर के अंदर बैठे लोगों को चपेट में ले सकती थी। जिस जगह कांच का गेट लगा है, उससे सटकर ही काउंटर है, जहां आइसक्रीम पार्लर के संचालक स्वयं बैठे रहते हैं। ग्राहकों के लिए भी यहीं पर टेबल लगी हुई है।

पार्लर संचालक ने बताया कि संभवतः शराब के नशे में वाहन चलाते हुए गेट को टक्कर मारकर कार अंदर घुस गई। उसके खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दी गई है ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। पुलिस ने मौका मुआयना भी किया है। ये सारा घटनाक्रम दो सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है। फुटेज भी पुलिस को सौंपे जा रहे हैं।

# थाना के मालखाने में पड़ी अवैध शराब नष्ट

**बीकानेर,** (कासं)। नए साल पर बीकानेर में जगह-जगह शराब की बिक्री के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गजनेर पुलिस ने साल के अंतिम दिन बड़ी मात्रा में अवैध देशी और अंग्रेजी शराब को नष्ट किया। ये शराब पूर्व में अलग-अलग कार्रवाई में जब्त की गई थी।

गजनेर पुलिस के अनुसार चार अलग-अलग मामलों में जब्त शराब को नष्ट किया गया है। थानाधिकारी राकेश स्वामी थाने के मालखाने में रखी अवैध अंग्रेजी शराब की 21 हजार 662 बोतलें तथा 8 हजार 154 पव्वा अवैध शराब व 4 हजार 64 पव्वे अवैध देशी शराब को नष्ट करवाया।

ये शराब हरियाणा व पंजाब में बनी हुई थी और बीकानेर के रास्ते

- **कमेटी ने जब्त शुदा अवैध अंग्रेजी व देशी शराब को नष्ट करवा दिया**

अवैध रूप से ले जा रहे थे। गजनेर पुलिस ने कार्रवाई करके इस शराब को जब्त कर लिया था। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. रश्मी जैन व गठित कमेटी ने थाना भवन के सामने इस जब्त शुदा अवैध अंग्रेजी व देशी शराब को नष्ट करवा दिया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश स्वामी हैड कांस्टेबल ललित सिंह, कांस्टेबल रामनारायण शामिल रहे। बाजार में इस शराब की कीमत लाखों रूपए में आंकी जा रही है।

## डी.आई.जी. बने अरशद अली

**हनुमानगढ़,** (कासं)। उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए आईपीएस अरशद अली ने बुधवार को एसपी कार्यालय में ही डीआईजी का पदभार ग्रहण कर लिया।

पदभार ग्रहण करने के मौके पर मौजूद जिले भर के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने आईपीएस अरशद अली को बधाई दी। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रांगण में अपनी धर्मपत्नी व बेटी के साथ आईपीएस अरशद अली ने पौधारोपण किया। इस मौके पर आईपीएस अरशद अली ने कहा कि यह जिले के लिए दोगुनी खुशी की बात है कि नववर्ष की पूर्व संध्या शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। नए साल में सरकार ने उन्हें तोहफा देते हुए डीआईजी के पद पर पदोन्नति दी है। यह सब लोगों के स्नेह और दुआओं का परिणाम है।

# मॉकड्रिल में हवाई अड्डे पर बम की सूचना से अफरा-तफरी मची

**बीकानेर,** (कासं)। सुबह की शांत फिजा के बीच नाल हवाई अड्डे में अचानक सायरन की आवाजें गूंज उठीं। देखते ही देखते पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम निरोधक दस्ते और स्वास्थ्य सेवाओं की गाडियां दौड़ती हुई हवाई अड्डे पर पहुंची। यात्री और कर्मचारी दोनों हैरान थे कि आखिर चल क्या रहा है। लेकिन यह सब कुछ केवल एक मॉक ड्रिल का हिस्सा था।

असल में सुरक्षा दलों और आपातकालीन सेवाओं को यह सूचना मिली कि एक संदिग्ध बम या वस्तु एयरपोर्ट परिसर में मौजूद है। इसके बाद गाडियों का काफिला एयरपोर्ट पहुंचने लगा। संदिग्ध वस्तु की सूचना के बाद हर एजेंसी ने फौरन अपनी-अपनी

- **बम निरोधक दस्ते ने काल्पनिक बम को डिफ्यूज कर दिया**

भूमिका निभाई। बम निरोधक दस्ते ने काल्पनिक बम को डिफ्यूज कर दिया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया और मेडिकल टीम ने घायलों को प्राथमिक चिकित्सा दी। सब कुछ मानो किसी एक्शन फिल्म का सीन था।

जब सारा ड्रामा खत्म हुआ, तब सभी को बताया गया कि यह एक मॉक ड्रिल थी। प्लान यह था कि किसी को भी पहले से कुछ न बताया जाए ताकि सभी एजेंसियां वास्तविक स्थिति की तरह प्रतिक्रिया दें। विमानपत्तन निदेशक राजेंद्र सिंह बघेला ने बताया कि ऐसी मॉकड्रिल हमें यह जांचने का मौका देती है कि आपात स्थिति में हम कितने तैयार हैं।जिन यात्रियों ने इस पूरे अभ्यास को देखा, वे भी हैरान और रोमांचित थे। एक यात्री ने कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे हम किसी फिल्म की शूटिंग देख रहे हों। लेकिन यह जानकर अच्छा लगा कि हमारी सुरक्षा को लेकर इतनी गंभीरता है। अभ्यास में शामिल प्रमुख एजेंसियों में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,सुरक्षा दल, जिला पुलिस, बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड, इंटेलिजेंस ब्यूरो, मेडिकल टीम और स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) शामिल रहीं।

# आसोपा आश्रम स्थित जनता क्लीनिक के माध्यम से चिकित्सा सेवाएं शुरू

**बीकानेर,**(कासं)।गंगाशहर, भीनासर, मुरली मनोहर धोरा, गणेश धोरा और उदयरामसर सहित जोधपुर बाईपास के आसपास रहने वाले लोगों के लिए आसोपा आश्रम ट्रस्ट स्थित आरोग्य आयुष्मान मंदिर बेहतरीन चिकित्सा सेवाओं का संस्थान होगा। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम. दाऊदी ने आज आसोपा आश्रम ट्रस्ट में आरोग्य आयुष्मान मंदिर (जनता क्लीनिक)का शुभारंभ करते हुए ये बात कही।

उन्होंने कहा कि यह चिकित्सालय सर्दियों में सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक संचालित होगा। उन्होंने कहा कि सीएमएचओ डॉ राजेश गुप्ता के प्रयासों से इस चिकित्सालय से इलाके के लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा। आसोपा आश्रम ट्रस्ट की प्रधान ट्रस्टी उर्मिला आसोपा ने कहा कि उनके पति स्व उमाशंकर आसोपा की स्मृति में इस चिकित्सालय को बनाकर विभाग को




**स्व उमाशंकर आसोपा की स्मृति में बने आसोपा आश्रम ट्रस्ट स्थित आरोग्य आयुष्मान मंदिर का शुभारंभ डॉ. एम. दाऊदी ने किया।**

जनसाधारण के इलाज के लिए सौंपा है। भविष्य में विस्तार देने पर भी विचार किया जायेगा। लंदन प्रवासी डॉ सविता शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ट्रस्ट द्वारा सौ से अधिक साल पहले रियासतकाल में भी इस स्थान पर सेनिटोरियम संचालित था। जिससे बड़ा इलाका लाभांवित होता था। यह चिकित्सालय उसी की पुनरावृति है।

- **उर्मिला आसोपा ने उनके पति स्व. उमाशंकर आसोपा की स्मृति में चिकित्सालय बनाकर विभाग को जनसाधारण के इलाज के लिए सौंपा**

उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस संस्थान का कार्य आदमी की पहुंच के भीतर रखा जायेगा और असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों को इलाज में मदद मुहैया करवाई जायेगी। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आरसीएचओ डॉ मुकेश जनागल, डिप्टी सीएमएचओ डॉ लोकेश गुप्ता, फार्मासिस्ट धीरज आदि मौजूद थे।

# शिक्षक व साहित्यकार के रूप में केवलिया प्रेरणास्पद : भादानी

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षाविद प्रो. भंवर भादानी ने कहा कि डॉ. मदन केवलिया का व्यक्तित्व-कृतित्व प्रेरणास्पद है। शिक्षक व साहित्यकार के रूप में उनकी सेवाएं अविस्मरणीय व अनुकरणीय हैं।

प्रो. भादानी बुधवार को वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. केवलिया के 90 वें जन्मदिवस पर उनके निवास स्थान पर समाधान संस्थान की ओर से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर डॉ. मदन केवलिया ने कहा कि शिक्षक को अपने शिष्यों को सदैव उचित मार्गदर्शन देना चाहिए। उन्होंने भारत विभाजन के समय की विषम परिस्थितियों को बताते हुए कहा कि हमें विपरीत हालातों का साहस व धैर्यपूर्वक सामना करना चाहिए।

डूंगर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. इन्द्रसिंह राजपुरोहित ने कहा कि डॉ. केवलिया ने अपने सभी शिष्यों को



**समाधान संस्थान की ओर से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मदन केवलिया के 90 वें जन्मदिवस पर उनका अभिनंदन किया।**

पुत्रवत स्नेह दिया। डूंगर कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राजनारायण व्यास व डॉ. एजाज अहमद कादरी ने डॉ. केवलिया के शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को रेखांकित किया। पूर्व व्याख्याता कमलनारायण पुरोहित ने कहा कि डॉ. केवलिया के शिष्य आज देश-प्रदेश में बीकानेर का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. नमामीशंकर ने बताया कि डॉ. केवलिया द्वारा राजस्थानी में लिखित आत्मकथा 'सिंध दरियाव सूं धोरां री धरती तांई' राजस्थानी की पहली आत्मकथा है।